# प्रेस नोट थाना मक्खनपुर दिनांक 25-07-2026 जनपद फिरोजाबाद।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम राजेश गुनावत के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी / सर्विलांस व थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय चरस तस्कर अभियुक्त विजय को 13.198 किलोग्राम चरस (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 03 करोड़ रूपये), 01 मोबाइल व 1200 रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया गया।**

- **सक्रिय तस्कर नेपाल व बिहार के रास्ते सस्ते रेट में चरस खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचता था।**
- **पकड़ी गयी चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 03 करोड़ रुपये।**
- **अवैध चरस को बैग में छिपाकर अवैध तस्करी हेतु ले जा रहा था।**
- **युवा पीढ़ी को बना रहा था नशे का आदी, कर रहा था युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद।**
- **पुलिस टीम द्वारा इसके अन्य साथियों / मादक तस्करों की भी तलाश है जारी......**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अवैध गांजा/चरस की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व एएसपी क्राइम के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में एसओजी टीम, सर्विलांस टीम व थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 01 अभियुक्त विजय पुत्र रामाधार निवासी ग्राम गोनाहा चैनपुर थाना रक्सौल जनपद मोतीहारी बिहार को कब्रिस्तान के बगल में स्थित खोखा के पास बिल्टीगढ रोड मक्खनपुर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त विजय उपरोक्त के कब्जे से 13.198 किलोग्राम अवैध चरस ( अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 03 करोड़ रूपये), 01 मोबाइल व 1200 रुपये नकद बरामद किये गये हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त विजय उपरोक्त के विरुद्ध थाना मक्खनपुर पर मु0अ0सं0 216/26 धारा 8/20B(ii)C एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1- विजय पुत्र रामाधार निवासी ग्राम गोनाहा चैनपुर थाना रक्सौल जनपद मोतीहारी बिहार।

## बरामदगी का विवरण -

1- 13.198 किलोग्राम अवैध चरस (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 03 करोड़ रूपये)।

2- 01 मोबाइल फोन।

3- 1200 रुपये नकद।

## आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 216/26 धारा 8/20B(ii)C एनडीपीएस एक्ट थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

## गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. श्री प्रेमशंकर पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक एसओजी मय एसओजी टीम फिरोजाबाद।
2. श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांश मय सर्विलास टीम फिरोजाबाद।
3. थानाध्यक्ष श्री चमन कुमार शर्मा थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 875 कृष्ण कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 791 मनोज गौतम थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 264 पवन कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 462 ब्रजभान थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।